प्रथम अपील अधिकारी, सूचना का अधिकार अधिनियम
एवं जिला कलक्टर उदयपुर
निर्णय द्वारा अध्यासित गौरव अग्रवाल आई.ए.एस.

प्रकरण संख्याः 62/**2026** (अपील सूचना का अधिकार)

Sushil Kumar Singh Chouhan Add: 9-B, Pushpa Nagar, Daylab road, ward no.-1, Banswara, Raj.

..............**अपीलार्थी**

बनाम

सहायक लोक सूचना अधिकारी एवं उपखण्ड अधिकारी गिर्वा, उदयपुर

..................**प्रत्यर्थी**

प्रथम अपील अन्तर्गत सूचना का अधिकार अधिनियम 2005

निर्णय

दिनांकः 28/04/2026

प्रकरण में संक्षिप्त तथ्य इस प्रकार है कि अपीलार्थी द्वारा सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 के अन्तर्गत एक अपील ऑनलाईन क्रमांक 329056348184322 प्रस्तुत कर निवेदन किया कि एक ऑनलाईन प्रार्थना पत्र दिनांक 05.01.2026 को प्रत्यर्थी के कार्यालय में प्रस्तुत कर कृषि से अकृषि प्रयोजनार्थ भूमि संपरिवर्तन के संबंध में सूचना चाही गई। प्रत्यर्थी द्वारा अपीलार्थी को चाही गई सूचना उपलब्ध नहीं करवाये जाने से क्षुब्ध होकर यह अपील प्रस्तुत की गई है।

अपील अपीलार्थी दर्ज रजिस्टर की जाकर प्रत्यर्थी से अपील पर जवाब तथा सूचना उपलब्ध कराने हेतु ऑनलाईन पत्र क्रमांक 4206426167 दिनांक 24.02.2026 एवं कार्यालय के पत्रांक रीडर/सू.अ.2005/प्रथम अपील/62/62/363–64 दिनांक 24.02.2026 से लिखा गया। प्रत्यर्थी द्वारा प्रस्तुत जवाब शामिल पत्रावली किया गया।

सहायक लोक सूचना अधिकारी एवं उपखण्ड अधिकारी गिर्वा द्वारा जरिये पत्र क्रमांकः स.लो.सू.अ./2026/1177 दिनांक 13.03.2026 से जवाब प्रस्तुत करते हुए निवेदन किया गया कि प्रार्थी द्वारा आरटीआई पोर्टल पर दिनांक 05.01.2026 को आवेदन प्रस्तुत कर राजस्थान भू–राजस्व (ग्रामीण क्षेत्रों में कृषि भूमि का अकृषि प्रयोजनो के लिए संपरिवर्तन नियम के अंतर्गत) कन्वर्जन से संबंधित पत्रावली के संबंध में दिनांक 10.04.2011 से 31.03.2012 तथा 01.04.2014 से दिनांक 31.03.2015 तक की अवधि समस्त पत्रावलियों की सत्यापित प्रति चाही गई थी। उक्त विस्तृत सूचना के संबंध में आरटीआई पोर्टल पर outward no. 8390119257 दिनांक 12.01.2026 से रेकर्ड का अवलोकन (दिनांक 20.01.2026) करने हेतु पत्र लिखा गया। अतः निवेदन है कि जवाब स्वीकार फरमाया जाकर अपील निरस्त कराने का श्रम करावे।

पत्रावली का अवलोकन किया गया। अपीलार्थी द्वारा चाही गई सूचना विस्तृत होने से प्रत्यर्थी द्वारा अपीलार्थी को उनके कार्यालय के पत्रांक outward no. 8390119257 दिनांक 12.01.2026 से वांछित सूचना का अवलोकन करने हेतु सूचित किया गया है।

प्रथम अपील अधिकारी एवं जिला कलक्टर, उदयपुर

RajKaj Ref No.: 21846217
M e-Sign

Signature valid
Digitally signed by Gaurav Agrawal
Designation : Collector & District Magistrate
Date: 2026.04.28 13:13:38 IST
Reason: Approved

उपरोक्त विवेचन के आधार पर अपील अपीलार्थी खारिज की जाती है। अपीलार्थी को चाहिए कि वह सहायक लोक सूचना अधिकारी एवं उपखण्ड अधिकारी गिर्वा के कार्यालय में आदेश प्राप्ति के 07 दिवस के भीतर किसी भी कार्यदिवस में उपस्थित होकर वांछित सूचना का अवलोकन कर सूचना प्राप्त कर सकता है।

निर्णय की प्रति उभयपक्ष को प्रेषित की जावें। पत्रावली फैसल शुमार होकर दाखिल दफ्तर हो।

(गौरव अग्रवाल)
प्रथम अपील अधिकारी,
सूचना का अधिकार अधि. एवं
जिला कलक्टर, उदयपुर

Signature valid
Digitally signed by Gaurav Agrawal
Designation: Collector & District Magistrate
Date: 2026.04.28 13:13:38 IST
Reason: Approved

RajKaj Ref No.: 21846217
M e-Sign